Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-08-2022 | अंक 303

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### राज्य को सुखाड़ घोषित कर अविलंब राहत कार्य शुरू करे राज्य सरकार : मो क्युम



मो क्युम

बरही पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की राज्य में वर्षा नही होने के कारण सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे किसान एवं कृषक वर्ग अत्यंत निराश एवं हताश हो गए है। वर्षा नही होने के कारण धान की खेती कर पाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावे भी अन्य फसल जिसकी झारखंड में उपज होती है। वह भी कठिन दौर से गुजर रहा है। साथ ही साथ झारखंड सरकार किसानों के हित एवं गंभीरता एवं संवे. दनशीलता दिखाते हुए सुखाड़ की स्थिति को देख कर जल्द निर्णय ले। ताकि कृषक हित और राज्य के हित का भला हो सके। राज्य सरकार सुखाग्रस्त घोषित कर किसानो को राहत देने की और कदम बढ़ाए।

### बाइक सवार ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर हुआ घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत धोबियाडीह रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति नारायण प्रसाद उम्र 55 वर्ष पिता बुधलाल महतो बरकट्ठा निवासी है। घायल व्यक्ति अपने बाइक पर सवार होकर बरही की और आ रहा था इसी क्रम में धोबियाडीह पेट्रोल पंप के नजदीक खड़ी ट्रक में टक्कर मार दिया। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं समाजसेवी मनोहर यादव सहित अन्य आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

# वन विभाग ने केदारूत में 88,000 हजार पौधा का किया वृक्षारोपण

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित





वन विभाग बरही के द्वारा केदारूत में सात एकड़ अतिक्रमित भूमि को बरही पुलिस के सहयोग से खाली करा कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग की और से 88,000 वृक्षारोपण किया गया। वहीं वनपाल आनंद कुमार सिंह ने बताया की पेड़ हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। यह पौधे और पेड़ की वजह से ही इस ग्रह पर जीवित रहने में सक्षम है। पेड़ हमे शुद्ध अ०क्सीजन देती है जिसके बिना हम प्रजातियों के लिए जीवित रहना संभव नहीं होगा। पेड़ पर्यावरण से विभिन्न हानिकारक गैसो को भी हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कम होता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पेड़ हमे भोजन और आश्रय भी प्रदान करते है। कई पेड़ फलों को भी सहन करती है। जो पक्षियों और जानवरों के भोजन के रूप में काम करते है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पेड़ जानवरों और मनुष्यों को भी आश्रय प्रदान करते है। विशाल घने वृक्षों से भरे जंगली जानवरों के आवास के रूप में काम करते और समृद्ध जैव विविधता के लिए योगदान करते है।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## परीक्षा फल का मूल्यांकन बच्चों के विकास का मापदंड होता है : प्राचार्य ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन सह प्रथम पीटी परीक्षा का मूल्यांकन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में कक्षा एलकेजी से द्वादश तक शिक्षक अभिभावक सम्मेलन तथा प्रथम पीटी के परिणाम का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । अभिभावकों ने अपने बच्चों के द्वारा पीटी के प्राप्तांक पर गहन विश्लेषण करते हुए अपनी सहमति जताई तथा साथ ही साथ उनका सलाह था कि बच्चों के और बेहतर भविष्य हेतु और बेहतर तरीकों के माध्यम से पठन–पाठन का समायोजन किया जाए ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी की परंपरा रही है की वह छात्र छात्राओं के सर्वांगीण


अशोक कुमार सिंह

विकास के लिए कृत संकल्प है । इसके लिए डीएवी सीएमसीऔर सीएई के तत्वाधान में वर्ष में दो बार शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके गुणों को शिक्षक आत्मसात करके उसका प्रतिपादन अपनी कक्षाओं में करते हैं। इस कार्य को सफलतापूर्वक पहले से भी प्रतिपादन किया जाता रहा है। इस अवसर पर अभिभावको ने विद्यालय की व्यवस्था के प्रति संतोष प्रकट किया और साथ ही साथ और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि हम आपके सुझाव पर शत प्रतिशत अमल करते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। प्राचार्य महोदय ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखें जिससे उनके मानसिक, शारी. रिक और बौद्धिक विकास में गुणात्मक विकास हो।

## गोपीडीह मे 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन हुआ संपन्न

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :– प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोपीडीह के देवी मंडप के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन पूजा ग्रामीणों के द्वारा आयोजन किया गया.मौसम की बेरुखी से परेशान किसानों ने भग. वान के शरण में जाकर भगवान इंद्र को मनाने के लिए पूजा–पाठ और कीर्तन–हवन किया। अखंड हरी कीर्तन में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया. इस अखंड हरी कीर्तन में पुरुषों के साथ–साथ महिलाएं भी शामिल हुईं और भगवान की परिक्रमा करते हुए हरे राम, हरे राम, राम–राम हरे–हरे का जाप किया और जल्द बारिश होने की कामना की ।अखंड हरि कीर्तन के माध्यम से भगवान इंद्र से अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना किये। हजारीबाग जिले में समुचित बारिश नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है. खेतों में लगे धान का बीज एवं मकई के फसलें दम तोड़ने की स्थिति में पहुंचने लगी है. इससे किसानों को अभी से ही सुखाड़ की चिंता सताने लगी है। अखंड हरि कीर्तन के 24 घंटे की अवधि पूरी होने के बाद हरि कीर्तन का समापन कर भंडारा किया गया ।जिसमें बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, चलकुशा जिला परिषद सदस्य सविता सिंह,बीडीयो समरेश प्रसाद भंडारी,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी, उप प्रमुख शमशेर आलम, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव,चलकुशा मुखिया आलोक सिंह, सलैयडीह मुखिया सुखदेव यादव, चौबे मुखिया अंशु कुमार, रामदेव यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, लखन साव,मोहसिन कमाल, अनुज रवि एवं ग्रामीण बिंदेश्वर यादव, मुन्ना यादव, इंद्रदेव यादव,सिकंदर यादव, दिनेश मालाकार, पवन यादव, प्रकाश यादव, दिनेश यादव, लोकनाथ यादव, मनोज यादव समेत काफी संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए।




## विदा ले रहे बच्चे महाविद्यालय की अच्छाइयों का जरूर करें प्रसार : डॉ विमल किशोर

### आरएनवाईएम कॉलेज में हिंदीसेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई, सम्मान समरोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रामनारायण यादव मे. मोरियल क०लेज बरही में हिन्दी विभाग की ओर से विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ।जिसमें हिन्दी विभाग सेमेस्टर 2 के छात्र ,, छात्राओं ने सेमेस्टर 6 के वरीय भैया,, बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए ,बडे भाई बहनों का मार्गदर्शन मिलता रहे, इसी आशा के साथ इन्हें विदाई दी। इस विदाई समारोह कार्यक्रम में सेमेस्टर 6 के छात्र छात्राओं सहित काफी संख्या में सेमेस्टर 2 के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अरुणा रानी, राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक प्रो, संजय बक्शी, उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो नय्यर इकबाल,प्रो, तमन्ना प्रवीण, वाणिज्य विभाग के प्रो महेश यादव, डॉ अशोक कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ अरुण रामानुज अर्थशास्त्र विभाग के प्रो अंजलि कुमारी ओम के साथ साथ हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हीरामन साव एवं प्रो जागेश्वर यादव के साथ साथ, महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह में शामिल सभी शिक्षकों एवं छात्राओं का स्वागत सेमेस्टर 2 के छात्र छात्राओं ने स्वागत गान के साथ इनका स्वागत किया। वहीं पर, सेमेस्टर 6 के छात्र छात्राओं ने अपने कनीय भैया बहनों को भरपूर सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इतना ही नहीं, डॉ अशोक कुमार ने हिंदी की महत्ता पर एक हिन्दी कविता सुनाई। प्रो महेश यादव ने कहा कि शिक्षक एक सड़क की तरह होते हैं ।जिस प्रकार, सड़क हमें गंतव्य स्थान तक पहुंचाता है,उसी प्रकार शिक्षक छात्रों को उनके लक्ष्य तक जाने का मार्ग प्रसस्त करते हैं ।प्रो, इकबाल जी ने साहित्य की प्रबलता पर जोर देते हुए कहा कि उर्दू भाषा में भी अब अन्य भाषाओं के शब्द जोड़े जा रहे हैं, ताकि, उर्दू भाषा भी अन्य भाषाओं की तरह जन भाषा बन पाए। वहीं पर। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हीरामन साव ने हिंदी भाषा को मातृभाषा, लो. कभाषा , जनभाषा बताते हुए कहा कि हिंदी भाषा अपनी प्रसिद्धि और लो. कप्रियता का मोहताज नहीं है। पूरे विश्व में हिंदी हिंदी एकमात्र भाषा है, जिसमें लगभग एक लाख तिरपन हजार शब्द हैं,इस भाषा में संस्कृत, उर्दू, अरबी, फारसी , अंग्रेजी सहित स्थानीय भाषा के शब्दों का समावेश है जिससे हिन्दी भाषा सरल,स्पष्टभाषा बन गयीहै। जबकि, अंग्रेजी भाषा में मात्र बारह हजार शब्द ही हैं। प्रो हीरामन साव ने यह भी कहा कि विभिन्न भाषाओं की जानकारी रखना अच्छी बात है, लेकिन ,जिस सभ्यता, संस्कृति में हम जी,पर रहे हैं,वहीं हमारी पहचान है। प्रो साव ने छात्रों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वचन देते हुए यह भी कहा कि अन्य भाषा भले ही व्यावसायिक हो सकती है लेकिन , हिंदी ही एकमात्र भाषा है ,जो हमारे जीवन की भाषा है ।हम जहां भी रहें,जिस क्षेत्र में रहें, जीवनपर्यंत हिंदी भाषा हमारी जिंदगी के बारे में सीखाती है। अर्थात,,, हिन्दी है तो, जिन्दगी है, जिन्दगी है तो, हिन्दी है,, हिन्दी ही जिन्दगी है। ।यही कारण है कि आज पूरे विश्व में हमारी सभ्यता संस्कृति और हमारे संस्कार को जानने के लिए विश्व में विश्वविद्यालय खूल रहे हैं , जहां शूल्क भुगतान कर हिंदी भाषा एवं हमारी सभ्यता संस्कृति और हमारे संस्कार को सीख रहे हैं,इसका अध्ययन कर रहे हैं। हिंदी विभाग के प्रो जागेश्वर यादव ने भी अपने सम्बोधन में उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। डॉ अरुणा रानी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप लोगों की ये विदाई नहीं है, बल्कि अपने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक मार्गदर्शन है। प्राचार्य ड० बिमल किशोर ने समारोह में शामिल सभी शिक्षकों सहित सभी छात्रों को कहा कि आप सभी महाविद्यालय में अनुशासन और संस्कार में रहकर महाविद्यालय के साथ साथ अपना नाम भी रौशन किया है ।आप सभी जहां भी,जिस क्षेत्र में जायं, अपने अपने नाम को रौशन करें ।यही इस महाविद्यालय की उपलब्धि है ।हम सभी शिक्षकों का शुभकामनाएं और आशीर्वाद आप सभी के साथ है। पुनः प्रो जागेश्वर यादव ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य सभी विभाग के शिक्षकों एवं सभी छात्रों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

## उप मुखिया ने आधार सेंटर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा –प्रखड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह के पंचायत भवन में उप मुखिया अफजाल अंसारी ने विधिवत फीता काटकर आधार सेंटर का किया उद्घाटन उप मुखिया ने कहा कि आधार सेंटर खोलने से पंचायत के लोगों को आधार कार्ड बनाने में सुविधा मिलेगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य इस्लाम अंसारी, दाऊद अली, सीएससी संचालक इजराइल अंसारी, तस्लीम रजा, मोहसिन कमाल एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : –प्रखड थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी प्रसाद भंडारी संचालन थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य सविता सिंह शामिल हुई। बैठक में मो. हर्रम त्यौहार को लेकर सभी अखाड़ों के अध्यक्ष ,सचिव को सख्त निर्देश दिया गया कि डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी एवं नए शिरे से कहीं भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पुराने रूट पर ही लोगों को जुलूस निकालने को कहा गया क्षेत्र के लोगों को सा. शल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा गया। मौके पर प्रमुख समरेश आलम, प्रमुख प्रतिनिधि दीपू चौधरी पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव मुखिया आलोक सिंह ,सुखदेव यादव, कुमार अंशु मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, रामदेव यादव, सीताराम पंडित, वासुदेव यादव, विक्की सिंह ,सलीम अंसारी, मोइनुद्दीन, उमेश साव, मोहम्मद हलीम, अफजल अंसारी, इस्लाम अंसारी, बसंत पांडेय, इब्रा. हिम खलील, अख्तर अंसारी, तस्लीम रजा, अशोक दास, शंकर साव, मजीद अंसारी, किशोरी पांडेय एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :– बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी को ज्ञापन सौंप कर चलकुशा प्रखंड के साथ–साथ संपूर्ण झारखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है उन्होंने राज्यपाल का ध्यान आकर्षित करते हुए आवेदन में लिखा है कि झारखंड में इस वर्ष काफी कम बारिश हुआ है जिसे किसान त्राहिमाम है नदी नाला तालाब सूखे हुए हैं जिससे किसान काफी मायूस है दूसरी और किसानों ने बैंक से लोन लेकर बीज बोए हैं लेकिन बारिश नहीं होने से सभी बीज नष्ट हो जाने के स्थिति में आ गया है जिसे देखते हुए सरकार पूरे झारखंड को सुखाड़ घोषित करते हुए किसानों को उचित राहत कोष प्रदान जल्द से जल्द करें इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र कोडरमा ने किया युवा मंडल विकास अभियान की शुरुआत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




नेहरू युवा केंद्र कोडरमा द्वारा चंदवारा प्रखंड में 2 अगस्त से युवा मंडल विकास अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 5 अगस्त 2022 तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिन गांव में क्लब नहीं बना है उस गांव में क्लब का निर्माण किया जायेगा। साथ ही साथ वैसे गांव जिसमें क्लब पहले से बना हुआ है उस गांव में क्लब का पुनर्गठन किया जाएगा। इस अभियान में मुख्य रूप से चंदवारा प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बालगोविंद यादव, बंटी यादव एवं युवा मंडल विकास अभियान के सदस्य के द्वारा इस अभियान को चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित बिरसोडीह पंचायत के ग्राम हरली के वार्ड सदस्य जितेंद्र कुमार , प्रज्ञा केंद्र के अनिल कुमार यादव एवं विकास कुमार, पप्पू कुमार यादव, चंदन कुमार, बिट्टू कुमार यादव, लालू कुमार, अजय कुमार यादव, अशोक कुमार यादव आदि शामिल हैं।




## अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा माले का धरना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना देते भाकपा माले कार्यकर्ता

भाकपा माले प्रखंड कमेटी ने मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर एकदिनी धरना दिया। धरना की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जलील अंसारी व संचालन घनश्याम पाठक ने किया। धरना के माध्यम से विष्णुगढ़ समेत हजारीबाग जिले को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की गई। जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रखंड में युद्धस्तर पर राहत कार्य चलाने तथा किसान मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करने की मांग की। कहा अगले दस दिनों के भीतर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। अन्य लोगों ने भी अपनी बातें रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार की खामियों को उजागर किया। जिला कमेटी सदस्य घनश्याम पाठक ने कहा कि इस अकाल की परिस्थिति में लोग दाने–दाने को मोहताज है और झारखंड के नेता रुपए के लेन–देन में मस्त हैं। केंद्र सरकार खाद्य सामग्री के दामों में बेतहाशा वृद्धि करती जा रही है। धरना के माध्यम से अंचल में भूमि का रसीद निर्गत करने में खतियान की बाध्यता समाप्त करने, किसानों का केसीसी ऋण माफ करने, प्रधानमंत्री एवं अंबेडकर आवास का चयन ग्राम सभा के माध्यम से करने, गरीब परिवार को तत्काल राशन कार्ड मुहैया कराने, लोडशेडिंग के नाम पर बिजली कटौती बंद करने तथा गाल्होबार मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की मांग की गई। मौके पर जानकी शर्मा, रामेश्वर दास, जलील अंसारी, महादेव मंडल, राजेंद्र मंडल, भुनेश्वर यादव, बद्री यादव, जयराम सिंह, इंद्रमणि यादव, बासुदेव मंडल, दुलारचंद पटेल, इब्राहिम अंसारी, भोला सिंह, पप्पू सिंह, महेश यादव, गुलाब सिंह, शेखर कन्याल, किशन यादव, महावीर यादव, श्यामलाल यादव, गुल्ली सिंह, जानकी मसोमात, सुनीता देवी, विनीता देवी, अनिता देवी, गोमिया देवी, शांति देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोडरमा जिला फुटबॉल एसोसिएशन ने किया ओपन ट्रायल का आयोजन

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



कोडरमा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में झुमरीतिलैया के सीएच हाई स्कूल के खेल मैदान में अंतर जिला फुटबॉल प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया । जिसमें भाग लेने के लिए जिला फुटब०ल टीम के चयन के लिए ओपन ट्रायल का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में जिले के सतगावां , मरकच्चो डोमचांच , चंदवारा , जयनगर , झुमरीतिलैया के 150 खिलाडियों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन करा कर ओपन ट्रायल में भाग लिया द्य ओपन ट्रायल के चयन पद्धति मंगलवार को भी जारी रहेगा द्य इस दौरान जहां खिलाड़ियों ने भारी वर्षा के बीच अपने खेल का हुनर दिखाया । वहीं कुछ ऐसे दृश्य भी कैमरे में कैद किए गए जो मनोरंजक थे द्य मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरशद खान, उत्तम दासपाल, मनोज सिंह गुड्डू, हुसैन अली, राजीव रंजन शुक्ला, नागो राणा, तौफ़ीक़ हुसैन, भारत बक्शी, सोनू कुमार, रोहित कुमार रघु, विजय राय, सुरेंद्र यादव, अरुण कुमार यादव, विनायक, बबलू राणा, दानिश हसन, राजू यादव, लक्ष्मण यादव आदि की देखरेख में ओपन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा हैं ।

## गांवा के प्रिंस का हुआ डांस इंडिया पावर के मेगा राउंड में चयन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखण्ड के गावां पंचायत निवासी गोपाल कुमार साव के आठ वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार का चयन डांस इंडिया प०वर के मेगा राउंड में हुआ है। चयन के खबर सुनते ही परिजनों व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। इधर मंगलवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से गांवा प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, गांवा मुखिया कन्हाय राम ,जिप सदस्य पवन चौधरी, प्रखण्ड उप प्रमुख प्रतिनिधि गणेश यादव, उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सभी जनप्रति. निधियों ने प्रिंस कुमार को माला पहना कर बधाई दिए। गांवा मुखिया कन्हाय राम ने कहा कि इस बच्चे का मेगा राउंड में चयन होना पूरे पंचायत वासियों के लिए गर्व की बात है और हम लोग इनके उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हैं। साथ ही पंचायत के बच्चो को भी इस प्रकार के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अपील किए। वही बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि प्रिंस कुमार का चयन डांस प्रतियोगिता में होना हमलोग के लिए गर्व की बात है और हम ईश्वर से प्रिंस के उज्जवल भविष्य कामना करते हैं। प्रिंस कुमार ने बताया कि गांवा के ही उत्तम कुमार नामक एक युवक ने उसे इसके लिए प्रशिक्षित किया। वही मां – पापा ने मुझे हौसला दिए जिसके वजह से आज हम इस मुकाम तक पहुंचे और हमे बहुत खुशी हो रही है की मेरा चयन हुआ है। उन्होंने सारा श्रेय उत्तम कुमार एंम माता पिता को दिए । मौके पर आप नेता सागर चौधरी, कांग्रेस प्रदेश सचिव मरगूब आलम,प्रीतम कुमार,नरेश राणा,सुरेश चौधरी,रंजित राम आदि कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## उपविकास आयुक्त ने कान्हाचट्टी परखण्ड में लिया विकास की जायजा

### अमृत सरोवर गांवों की मदलेगी दशा :– डी डी सी





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :– मंगलवार को उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड का दौरा किया।प्रखण्ड में चल रहे कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और प्रखण्ड में विकास कार्यो पर प्रखण्ड के पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश भी दिए।वहीं श्री गुप्ता सरकार के पहल पर बनाए जाने वाले जल मिशन के तहत प्रखण्ड में बनने वाले तीन अमृत सरोवर का कोड़ी झाम चला कर अमृत सरोवर का शिलान्यास किया।श्री गुप्ता ने मदगड़ा,इटवानी और बुढ़िगड़ा गांव में अमृत सरोवर के लिए चिन्हित भूमि पर जाकर कार्य करवाने के लिए मजदूरों के बीच पहला कोड़ी मारकर कार्य को शुरू करवाया।श्री गुप्ता ने कहा कि अमृत सरोवर योजना जब पूर्ण रूप से बन जाएगा तो गांव की किसानों को सिंचाई से जो असुविधा होती है उससे निजात मिल जाएगा।वही गांव में एक नए पार्क जैसा नजारा भी इस सरोवर के बनने लगेगा।मौके पर पी ओ मैडम,बी डी ओ हुलास महतो,बी पी ओ नीरज पासवान,पूर्व बी पी ओ निरजंन सिंह,सम्बंधित पंचायत के रोजगार सेवक,पंचायत सेवक मुखिया सहित दर्जनों लोग उपथित थे।

## बिशनपुर पचंबा में जिक्रे हुसैन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा में सोमवार एक अगस्त की देर शाम कौमी एकता कमिटी गिरिडीह शाखा के मार्फत खानकाह (आश्रम) सूफी सलीम शाह जकीउल्लाही इफ्तेखारी बिशनपुर पचंबा में जिक्रे हुसैन कांफ्रेंस आयोजित किया गया। क०न्फ्रेंस में कारी अहमद हसन कादरी अमरोहा यूपी से चलकर पचंबा के काली मंडा बरतर रोड में शिरकत फरमाए और जिक्रे हुसैन के मुतालिक खुलकर जानकारियां दी। यहां के लोग जिक्रे हुसैन कांफ्रेंस में शिरकत कर काफी खुश हुए। इस क०न्फ्रेंस का जिक्र करते हुए सदारत मो. हम्मद सोएब सलीमी ने बताया कि जिक्रे हुसैन कांफ्रेंस पीछले दस सालों से कराया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में मौहम्मद इफ्तेखारुल हक सलीमी, जकी उल्लाही इफ्तेखारी के साथ साथ जनाब मुस्तकिम सलीमी, मोहम्मद बबलू सलीमी बोकारो, मोहमद नासिर सलीमी फुसरो, मोहम्म्द तालिब हुसैन समसी जरीडीह, मोहमद सलीम सलीमी गिरिडीह ने शिरकत फरमाया। क०न्फ्रेंस को कामयाब बनाने में मोहम्मद इकबाल सलीमी और तमाम सलीमी भाइयों का भरपूर सहयोग रहा।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा 10 हजारवें कोयला रैक की रवानगी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



रवानगी की मौके पर उपस्थित एनटीपीसी अधिकारी

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन के क्षेत्र में एक और अध्याय जुड़ गया है। 1 अगस्त को बनादाग रेलवे सीडिंग से 10000वें रैक को रवाना किया गया। जुलाई माह में ही 1.14 मिलियन मीट्रिक टन कोयला 297 रैक से भेजकर एक कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है। इससे पहले जून माह में 278 रैक भेजे गए थे। दिसम्बर 2016 से पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा खनन कार्य आरंभ किया गया था तब से अभी तक का यह सबसे अधिक कोयला भेजने का रिकॉर्ड है। यह सब कार्य क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) पार्थ मजूमदार और परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा दिये गए दिशा निर्देश, कुशल नेतृत्व और टीम भावना का ही नतीजा है। जिसके कारण से एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकी है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों से काम के प्रति समर्पण और टीम भावना के साथ काम करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और शुभकामनाएँ दीं। उन्होने ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन, सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारियों तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खनन कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त क्या है।इस अवसर पर महाप्रबंधक (इन्फ्रा) के.चन्द्रशेखर, महाप्रबंधक (खनन) संजीव कुमार गुप्ता, अपरमहाप्रबंधक (योजना एवं पद्यति) आनंद जी अग्रवाल, अपरमहाप्रबंधक (सतर्कता), मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पधान एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर बिरनी थाना परिसर में शांतिसमिति की बैठक सम्पन्न हुई

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना परिसर में मंगलवार को मौहर्रम पर्व को लेकर एक शांतिसमिति कि बैठक सम्पन्न हुई जिसमें प्रशासनिक अधिकारीओ ने कहा कि इस बार लोग सोशल मीडिया से बचे ओर अगर कोई भी ब्यक्ति भड़काव मेसेज भेजता है तो उसका जिम्मेवार एडमिन होंगे और उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाई भी हो सकती है लोग शांति पूर्वक पर्व को मनाये ओर जुलूस निकाले लेकिन भड़काव गाना नही बजायेंगे।ओर सरकारी गाइड लाइन का भी पालन हो ओर जुलूस में अधिक से अधिक पांच सौ लोग हिं रहेंगे। इस शांतिसमिति कि बैठक में एस डी ओ कुंदन कुमार ने कहा मोहरम को देखते हुए सराब कि दुकानें बद रहेगें बिजली सफलाई जुलूस के दिन साफ्लाई नहीं की जाएगी एवं आपात स्थिति के लिए फायर बर्गेड ड०क्टर प्रखण्ड में मौजूद रहेंगे वहीं सभी पंचायतों से जानकारी लिया गया की कहाँ कहाँ कितने ताजिया निकलता है एसडीपीओ ने पूरी जानकारी लिये।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी थाना प्रभारी अमरजीत सिंह एसडीओ कुंदन कुमार एसडीपीओ ना.`साद आलम बीडीओ सुनील वर्मा प्रमुख रामु बैठा उप प्रमुख शेखर शुमन बिससूत्री अध्यछ एतवारी वर्मा पूर्वी भाग जिला परिषद सूरज शुमन मुखिया निरंजन कुमार किसुन राम कलीम अंसारी सीताराम पासवान आजसू नेता अमित गुप्ता समेत कई जिला परिषद सदस्य एवं प्रतिनिधि मुखिया व पँचायत समिति के लोग उपस्थित थे।

## एलएनजेपी पैरामेडिकल संस्थान के प्रथम बैच के छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के नव भारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित लोक नायक जय प्रकाश आंख अस्पताल अंतर्गत लोक नायक जय प्रकाश पैरामेडिकल संस्थान के प्रथम बैच 2019-2021 के सफल छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण मंगलवार को किया गया। प्रमाण पत्र का वितरण संस्था के सचिव सतीश गिरिजा, कार्यक्रम निदेशक गंधर्व गौरव, अस्पताल प्रबंधक संतोष कुमार पूरी कार्यक्रम समन्वयक करुणा निधि एवं संस्था के प्रबंधक बीरेंद्र सिन्हा एवं पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के विकान्त सिंह , अम्बर निधि श्रॉफ की उपस्थिति में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव को भी साझा किए, कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे एवं छात्रों को निजी जीवन मे सफल होने के गुर सिखाए। जूनियर छात्रों ने भी अपने पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान में अपने विचार रखे और कहा कि उनके प्रेररणाश्रोत है। पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के विकान्त सिंह एवं अम्बर निधि श्र०फ ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। सफल छात्रों में अभिनव कुमार, आकांक्षा कुमारी, अनमोल कुमार, काशिफ फिरदौस, करण कुमार, माजदा बानो, निकिता कुमारी, निरंजन कुमार, राजेश राणा, रंजीत कुमार, सचिन कुमार, संजीव कुमार, शालिनी कुमारी, सन्नी कुमार गुप्ता, सूरज कुमार, उमा गंगा, विकाश कुमार, उपेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे ।

## विष्णुगढ़ के सांसद प्रतिनिधि को पितृशोक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद तथा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार के पिता रघुवीर प्रसाद बर्मन का निधन मंगलवार की सुबह हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। कुछ दिन पूर्व अस्वस्थ होने पर उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया था। कुछ स्वस्थ होने पर उन्हें घर लाया गया था। मंगलवार की सुबह वे अचानक चल बसे। उनके पार्थिव शरीर को स्थानीय मुक्तिधाम में उनके बड़े पुत्र मधुसूदन प्रसाद ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे अपने पीछे तीन पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कस्तूरबा विद्यालय में कैरियर काउंसलिंगका आयोजन





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिरिडीह में कैरियर काउंसलिंग का सत्र रखा गया थास उपायुक्त गिरिडीह के निर्देशानुसार सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कैरियर गाइडेंस एवं काउंस. लिंग आयोजित किया जाना हैस आज के कैरियर काउंसलिंग के सत्र में जिला नियोजन पदाधिकारी श्री प्रत्यूष शेखर जिला कौशल विकास पदाधिकारी श्री रवि शंकर गिरिडीह नर्सिंग क०लेज की प्राचार्या बैंक अ०फ इंडिया आईसिटी सेंटर के अधिकारी महात्मा गांधी नेशनल फैल नितेश केरकेट्टा एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान श्री अभिनव कुमार सिन्हा अध्ययनरत बच्चियों को कैरियर विकल्प के बारे में जानकारी दी। मैट्रिक या इंटरमीडिएट के बाद कितने प्रकार के कोर्स के विकल्प उपलब्ध हैं । रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रमों की ओर रुझान हो तो किस प्रकार तैयारी करनी चाहिए उसके लिए क्या अहर्ता एवं योग्यता और कैसे उसमें आवेदन किया जाए इसके बारे में बताया गया। बच्चियों को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया। पा. व्यक्रमों में नर्सिंग, आई टी आई,प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा, बैंकिंग सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग, क्लैट , जेईई एवं नीट के बारे में बताया गया।

## गिरिडीह :-जमुआ में मिला मांकिपॉक्स के मरीज

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




मरीज का स्वाब जांच के लिए पुणे भेजा जा रहा है। इधर मंकीपॉक्स का संदिग्ध संक्रमित मिलने से स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। सभी प्रखंडों को विभागीय स्तर पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गिरिडीह सिविल सर्जन डॉ. शिवप्रसाद मिश्रा ने कहा कि संदिग्ध मरीज जमुआ के स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश दुबे को दिखाने आए थे। युवक में मंकीपॉक्स के लक्षण पाए गए हैं। युवक का सैंपल लेकर उसे जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोल०जी में भेजने की तैयारी की जा रही है। अभी उसे मंकीपॉक्स का मरीज नहीं माना जा रहा है, लेकिन मिलते-जुलते लक्षणों की वजह से उसका सैंपल जांच के लिए पुणे भेजा जाएगा। रांची स्थित रिम्स में भी सैंपल की प्रारंभिक जांच की जाएगी।

## सैनिकों के सम्मान में सेलहारा स्कूल में कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय सेलहारा में सैनिकों के सम्मान में कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगे कार्ड का निर्माण किया स बच्चों ने सैनिकों के सम्मान में अपनी भावनाओं को कला के माध्यम से प्रदर्शन किया द्य विद्यालय के शिक्षक -सह-परिवर्तन दल सदस्य जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में स्वतंत्रता का महत्व समझेंगे एवं सैनिकों के सम्मान से बच्चों का जुड़ाव बढ़ेगा स प्र.अ.रामखेलावन रविदास ने बतलाया कि इन कार्यक्रमों से बच्चों में सृजनात्म कला का विकास होता है स कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय शिक्षक जन्मेजय सिंह, बिजय कुमार , विजय प्रसाद,रामचंद्र साहु, राजेंद्र रविदास,राकेश सिंह, डैजी कुमारी,सिंह रंगीना कुमारी का सराहनीय योगदान रहा ।




## चालीस साल मजदूरी करने के बाद लकवाग्रस्त हुआ मजदूर तो मालिक ने मुंह फेरा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला अन्तर्गत बेंगाबाद प्रखंड केभोजदाहा (बेंगाबाद) निवासी रूपन सिंह उर्फ फोदारी सिंह ने 40 से भी अधिक वर्षो तक गिरिडीह के एक अभ्रक व्यवसायी सज्जन बगेड़िया के यहां लगातार काम किया है। लेकिन लंबी उम्र तक काम करते-करते लाचार होकर लकवाग्रस्त हो जाने की स्थिति में, मजदूर की खैर-खबर लेने के बजाय उसे अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। आज उनकी ख़बर लेने माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव भोजदाहा पहुंचे और लकवाग्रस्त रूपन सिंह समेत उनके परिजनों तथा ग्रामीणों से बात की। उन्होंने कहा कि, सरकार की गलत नीतियों के कारण मजदूरों का शोषण हो रहा है। श्री यादव ने पीड़ित मजदूर का समुचित इलाज कराने तथा 40 साल तक काम करने के एवज में मिलने वाले समस्त पावनों का भुगतान करने की मांग करते हुए कहा कि, यदि मजदूर को न्याय नहीं मिला तो, हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। स्थानीय मुखिया राजेंद्र वर्मा ने भी मजदूर के साथ पूरी एकजुटता दिखाते हुए मजदूर का हक नहीं मिलने पर जोरदार आंदोलन की बात कही। मौके पर अन्य लोगों के अलावा मुखिया राजेंद्र वर्मा, मुस्लिम अंसारी, गाजो सिंह, बासदेव सिंह, अनवर अंसारी, महबूब अंसारी, मथुरा सिंह, मो. हकीम, संजय यादव, सलामत अंसारी, शफीक, विष्णु सिंह, देवी सिंह, रियाज, चिंतामन सिंह, सलीम मियां, कमरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों के तांडव के खिलाफ़ कॉलेज मोड़ के दुकानदारों ने खोला मोर्चा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह कॉलेज मोड़ पर असामाजिक तत्वों के लगातार बढ़ रहे तांडव के खिलाफ़ आखिरकार स्थानीय दुकनादारों व स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने आज माले नेताओं सहित स्थानीय प्रतिनिधियों की अगुवाई में एक बैठक कर पुलिस से ऐसे अवांछित तत्वों पर कड़ी कार्रवाई तथा शराब दुकान को वहां से हटाने की मांग की, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। दुकानदारों तथा कई स्थानीय लोगों की शिकायत पर आज माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा, स्थानीय वार्ड कमिश्नर अशोक राम, पूर्व मुखिया संजय यादव, समाजसेवी गोविंद तुरी, अखिलेश राज सहित कई अन्य क०लेज मोड़ स्थित मंदिर के प्रांगण पहुंच कर वहां के लोगों से पूरी वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि, कुछ लोगों के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर यहां उत्पात मचाकर माहौल खराब किया जाता है। यही नहीं यहां के दुकानदारों से रंगदारी पूर्वक सामान लेकर पैसे नहीं देने जैसी कार्रवाई आए दिन हो रही है। अगर इसपर रोक नहीं लगी तो आर-पार की लड़ाई होगी। पुलिस प्रशासन को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, सामने कुछ कदम पर ही पुलिस सहायता केंद्र है, और इस रंगदारी की घटना को लेकर मुफ्फसिल थाने में शिकायत भी दर्ज की गई है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे दुकानदारों में दहशत है। कहा कि, यदि कॉलेज मोड़ पर शराबियों का तांडव नहीं रुका और शराब की दुकान वहां नहीं हटाई गई तो स्थानीय लोगों को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## पंकज महतो ने बड़कागाँव में जनसंपर्क अभियान चलाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव- किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान मे कई कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी। मौके पर उपस्थित पंकज महतो ने बड़कागांव से रजरप्पा जाने वाले श्रद्धलुओं को घुटवा में ठाहरने की व्यवस्था करने की बात कहा। जनसंपर्क अभियान प्रखंड के हरली, बादम, विश्रामपुर, कांडतरी, महूदि पहाड़ आदि क्षेत्रों में किया गया। मौके पर मुख्य रूप से राम कुमार, राम प्रजापति, डाडीकला के अध्यक्ष अनुज कुमार यादव,विनोद कुशवाहा, मदन प्रजापति इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी के 34 पंचायत समिति हुए गोलबंद एक साथ मिलकर तय करेंगे विकास की रूप रेखा- प्रमुख उपप्रमुख

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के मोदी धर्मशाला में निर्वाचित 34 पंचायत समिति सदस्यगण की एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रामु बैठा ने किया जबकि संचालन उपप्रमुख शेखर शरण दास ने किया।। बैठक में निर्णय लिया गया की बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों पर पकङ स्थापित कैसे स्थापित किया जाए इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। उपस्थित तमाम सम्मानित पंचायत समिति सदस्यगण ने अपना अपना बहुमूल्य समय देकर अपना विचार रखते हुए एक जुट होकर जनता के प्रति समर्पित करने का निर्णय लिया गया।। इतना ही नही बैठक के माध्यम से कुछ शिकायतें उभरकर सामने आई है जिसमें मुख्य रूप से यह है कि बिरनी थाना का कार्यप्रणाली संतोषजनक नही है पंचायत के पंचायत प्रतिनिधिगण के साथ यहाँ की पुलिस उपेक्षित करती है। निर्णय लिया गया की इसकी शिकायत वरिय पुलिस अधिक. ारियो से किया जाएगा। निर्णय यह भी लिया गया की बिरनी के 34 पंचायत समिति सदस्यगण के आपसी तालमेल के तहत गांव कस्बे की समस्याओ को नि. राकरण करने के संकल्प लिया गया।। बैठक में मुख्य रूप से पंसस प्रतिनिधि कैलाश पासवान अनवर अन्सारी पुनम देवी,गुड्िया देवी, कुसुम देवी,मदिना बिबी, सुनिता देवी,पुनम देवी,सोनू खान,अली असगर, मंजूर अंसारी,बद्री राम बिनोद पासवान, कलिमुदिन अंसारी,मनु दास,कामेश्वर मंडल,ताहिर अंसारी मुकेश पासवान समेत तमाम पंचायत समिति उपस्थित थे।।

## आधार एवं अन्य संबंधित दस्तावेज से अभिप्रमाणन कार्य का शुभारंभ

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में मतदाता का आधार एवं अन्य संबंधित दस्तावेज से अभी प्रमाणन करने के कार्य का शुभारंभ किया गया स

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्रांक 3/ईआर/एसडीआर/वोल प्प दिनांक दिनांक 23.6.22 के द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन किया गया है स धारा 23 एवं निर्वाचक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1960 की 26 में संशोधन किया गया है जिसके आलोक में मतदाताओं से आधार संग्रहित करते हुए उसे मतदाता पहचान पत्र से जोरा जाना है स पूर्व से निबंधित मतदाता प्रपत्र 6 बी में अपना आवेदन आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ संलग्न करेंगे स मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक का कार्य 1. 8.22 से प्रारंभ हो रहा है एवं यह कार्य 31.3.23 तक पूर्ण कर लिया जाना है स

आधार कार्ड को फोटो पहचान पत्र से जोड़ने या अभिप्रमाणित का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की पहचान स्थापित करना है स एवं निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण करना एवं एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों एक ही निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक बार एक ही व्यक्ति के नाम का पंजीकरण को पहचान करना है स

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया यह कार्य अ०नलाइन एवं अ०फलाइन दोनों पद्धतियों से किया जा सकता है अ०नलाइन के तहत एरोनेट, ग्रौडा, एनएसवीपी , वीएचए के माध्यम से किया जा सकता है स ऑफलाइन के तहत बीएलओ को प्रपत्र 6ठ एवं आधार कार्ड /अन्य दस्तावेज की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा स

यदि कोई मतदाता अपना आधार लिंक करने हेतु एनएसवीपी , वीएचए या अन्य कोई अ०नलाइन आवेदन करते हैं तो उन्हें अ०थेंटिकेशन करना होगा स अ०फलाइन प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं से प्रपत्र 6ठ प्राप्त किया जाएगा स

मतदाताओं को आधार उपलब्ध कराना वैकल्पिक होगा , वह आधार के स्थान पर निर्वाचक नियमावली में प्रविष्टि के अभी अभी प्रमाणन हेतु निम्नांकित दस्तावेज दे सकते हैं , जिसमें मनरेगा ज०ब कार्ड बैंक डाकघर द्वारा जारी पासबुक , श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा , स्मार्ट कार्ड चालन अनुज्ञप्ति , पैन कार्ड एनप. ीआर के अधीन , आरबीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड , भारतीय पा. सपोर्ट छायाचित्र के साथ पेंशन दस्तावेज केंद्र राज्य सरकार पीएसयू पब्लिक लिमिटेड कंपनी के सेवा पहचान कार्ड, संसद सदस्यों विधानसभा सदस्य को जारी शासकीय पहचान पत्र , सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र को दे सकते हैं स

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जिला आपूर्ति पदा. धिकारी अन्य पदाधिकारी गण तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे

## जिला शिक्षा पदाधिकारी गिरिडीह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



मंगलवार दिनांक 02.08. 022 को ष्आजादी के अमृत महोत्सव ष के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ स

बैठक में निर्णय लिया गया की दिनांक 07.08. 022 को नगर भवन गिरिडीह में पूर्वाहन 11रू00 बजे से लेकर अपराहन 1रू00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा स

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश की आजादी में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा साथ ही गिरिडीह से सं. बंधित स्वतंत्रता सेनानी पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है स

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया की सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय गिरिडीह एवं बेंगाबाद की छात्राएं भाग लेंगी साथ ही डीपीएसएवं सीसीएल एवं बी एन एस डी ए वी के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा स

बैठक में जिला खेल पदा. धिकारी ने बताया की अमर शहीद सिद्धू कानू एवं अमर शहीद बिरसा मुंडा के जीवनी पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे स

बैठक में जिला शिक्षा पदा. धिकारी , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी , जिला खेल पदाधिकारी , एरिया शिक्षा अ०फिसर, विभिन्न कला दलों के सदस्य तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे स

## जमुआ क्षेत्र में निकला अजगर साँप

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



जमुआ थाना के चुंगलों की एक होटल के कमरे से अजगर निकला। अजगर को देखने लोगों की भीड़ सी उमड़ पड़ी। सूचना पर राजधनवार के वनकर्मियों की टीम रेस्क्यू को पहुंची लेकिन नशे में धुत एक युवक ने वनकर्मियो से मारपीट कर दी। भीड़ ज्यादा रहने और मारपीट की वजह से वनकर्मी रेस्क्यू नहीं कर सके। अजगर भी आहिस्ता आहिस्ता पेड़ के ऊपर की टहनी पर चढ़ गया। वनकर्मियों में योगेंद्र प्रसाद, रामेश्वर कुमार महतो, रामेश्वर कुमार महतो, लखन मरांडी, मनीष कुमार पांडेय, कुंदन राम ने बताया कि सूचना पाकर हमलोग अजगर का रेस्क्यू करने आए थे लेकिन भीड़ में से एक नशे में धुत व्यक्ति ने हमलोगों पर अचानक से गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। वनकर्मियों ने बताया कि इस सम्बंध में हमलोग जमुआ थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करवाएंगे और आवश्यक करवाई भी करेंगे। समाचार लिखे जाने तक न तो अजगर का रेस्क्यू हो पाया है और न हीं थाने में कोई प्राथमिकी हीं दर्ज हुई है। बहरहाल अजगर को लेकर लोगों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

## सावन माह आधा खत्म,किसानों की टूटी उम्मीद

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



सावन का महीना बीतने को है और मानसून की दगेबाजी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। बा. रिश नहीं होने से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। खेतों में धूल उड़ रहे हैं। कई जगहों पर किसान पंप सेट चलाकर धनरोपनी करने को विवश है। बिरनी के कही बारिश हो रही है तो कही खेत मे धूल उड़ रही है। वही

**एक काठह खेत में लग रहा तीन लीटर डीजलः**

किसानों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिन खेतों में धान की बुआई की जा रही है। उन्हें जलने से बचाने के लिए दुबारा पटवन कराना पड़ रहा है।वही बिरनी के टाटो गांव निवासी कृष्णा वर्मा ने बताया कि हैं कि उन्होंने एक बीघा खेत में पंप सेट से पटवन कराया। खेत में 30 लीटर डीजल लगा। जबकि एक सप्ताह के अंदर उसी खेत में दुबारा पटवन कराना पड़ा। उन्होंने बताया कि एक बीघा खेत में एक सप्ताह के अंदर ही करीब छह हजार का डीजल लग गया।




APEM LIVE